# करोड़ों रूपये की 980 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बीकानेर, (कासं)।** अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ रेंज पुलिस की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत 24 घंटे में जिला पुलिस ने दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रूपये की हेरोइन के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। खाजूवाला थाना पुलिस की टीम ने डीएसटी प्रभारी सत्यनारायण की सूचना पर गश्त के दौरान 980 ग्राम हेरोइन सहित एक जने को पकड़ा है।

इस हेरोइन की कीमत 6 करोड़ रूपए आंकी जा रही है। थाना अधिकारी बलवंत कुमार ने बताया कि इस मामले में 10 बीडी निवासी हरजिंदर सिंह पुत्र जोध सिंह जट सिख को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण का अनुसंधान छतरगढ़ थानाधिकारी भजन लाल को सौंपी हैं। खाजूवाला पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक श्रवण कुमार, बेगाराम, विक्रम पाल तथा राहुल इत्यादि शामिल थे।

शनिवार देर शाम को जिले के छतरगढ़ थाना इलाके में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5 किलो 200 ग्राम अफीम के साथ दो जनों को पकड़ा है। छतरगढ़ थानाधिकारी भजनलाल और रेंज पुलिस की स्पेशल टीम प्रभारी नवनीत सिंह की अगुवाई में हुई इस कार्रवाई अशोक विश्नोई व राजूराम को गिरफ्तार किया है। ये दोनों कार में यह अफीम अनूपगढ़ सप्लाई करने जा रहे थे।



खाजूवाला थाना पुलिस ने करीब एक किलो हेरोइन सहित एक जने को गश्त के दौरान गिरफ्तार किया।

- खाजूवाला थाना पुलिस की टीम ने डीएसटी प्रभारी की सूचना पर गश्त के दौरान 980 ग्राम हेरोइन सहित एक जने को पकड़ा है
- हेरोइन की कीमत 6 करोड़ रूपए आंकी जा रही है

**मारपीट कर रूपए छीने :** हनुमानगढ़ के पल्लू थाना क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट कर रूपए छीनने का आरोप लगाते हुए पल्लू पुलिस थाने में मुकदमे दर्ज करवाए हैं।

पुलिस के अनुसार देवीलाल (59) पुत्र दानाराम जाट निवासी नैयासर हाल पल्लू ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसकी पल्लू मंडी यार्ड में आढ़त की दुकान है। भादरराम वगैरा सामाजिक पंचायती को लेकर उससे रंजिश रखते हैं। इन्होंने कई बार उसे मारने की धमकी दी थी। वह शाम करीब 6.30 बजे मण्डी में अपनी दुकान के बाहर पहुंचा तो पहले से घात लगाकर बैठे भादरराम, भंवरलाल पुत्र केशराराम, अजयपाल पुत्र भादरराम जाट निवासी लूणासर व 4-5 अन्य व्यक्तियों ने उस पर हमला कर दिया। मारपीट की व कपड़े फाड़ दिए। जेब से एक लाख रूपए निकाल लिए।

उसे दुकान के अंदर फर्श पर पटककर पिटाई की। शोर मचाया तो वहां पर मौजूद उसके मुनीम कालूराम नायक ने बीच-बचाव किया। इन लोगों ने मुनीम से भी मारपीट की। तभी मंडी में मौजूद छोटूराम, राहुल जाखड़ आदि ने बीच-बचाव कर छुड़वाया। इस पर भादरराम आदि लोगों ने देख लेने की धमकी देकर वहां से अपनी पिकअप लेकर भाग गए।

दूसरी तरफ बहादुरराम (54) पुत्र केसराराम जाट निवासी लूणासर ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह पिकअप में मोठ भरकर दूधली मंडी में दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी पर बेचने गया। दुकान से 1 लाख 35 हजार रूपए लेकर देवीलाल पुत्र दानाराम की दुकान चौधरी ट्रेडिंग कंपनी पर अपना पुराना हिसाब लेने के लिए गया। उसने देवीलाल को 300 बोरी ग्वार बेची थी। इसके पैसे उसे देवीलाल से लेने थे। वह ग्वार के पैसे लेने गया तो देवीलाल तैश में आ गया और कहने लगा कि उसने तो ठगी करने के उद्देश्य से ग्वार खरीदी थी। उसके पास कोई रूपए नहीं हैं।

देवीलाल ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। वहां मौजूद लोगों ने उसे छुड़वाया। जब उसने देवीलाल को कहा कि वह इसकी शिकायत पुलिस थाना में करेगा तो देवीलाल ने धमकी दी कि आज तेरा हिसाब कर देंगे। इसके बाद वह अपनी पिकअप लेकर मंडी से रवाना हो गया। मंडी से करीब तीन किलोमीटर दूर मुख्य सड़क पर पहुंचा तो देवीलाल अपने साथ राहुल पुत्र देवीलाल, रामप्रताप, लालचन्द पुत्र भोलूराम, बनवारी पुत्र पृथ्वीराज व 8-10 अन्य व्यक्तियों को लेकर स्कॉर्पियो व दो अन्य गाड़ियों में सवार होकर आया और उसकी पिकअप रूकवा ली। जान से मारने की नीयत से इन लोगों ने उस पर हमला कर दिया और पिकअप के डेस्क बोर्ड पर रखे 1 लाख 35 हजार रूपए लूट लिए। वह किसी तरह से अपनी पिकअप में सवार होकर जान बचाने के लिए पल्लू पुलिस थाना पहुंचा।

## मारपीट कर 30 हजार रूपए छीने

**हनुमानगढ़, (कासं)।** दो नामजद और दो अन्य के खिलाफ युवक से मारपीट कर रूपए छीनने का मामला जंक्शन पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है।

युवक से मारपीट कर रूपए छीनने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गवर्नमेंट जिला अस्पताल में भर्ती युवक के भाई ने जंक्शन पुलिस थाने में दो नामजद और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार चौधरी (28) पुत्र सतीश भाट निवासी वार्ड चार, नई खुंजा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह टाउन बाजार में खरीदारी के लिए गया हुआ था। रूपयों की जरूरत पड़ी तो उसने अपने भाई विनोद को घर से 30 हजार रुपए लाने को कहा। इस पर उसका भाई विनोद सुबह 10 बजे 30 हजार रूपए घर से लेकर बाइक पर टाउन जाने के लिए निकला।

जैसे ही वह जंक्शन में बाइपास रोड पर पेट्रोप पम्प से तेल डलवाकर वापस रामदेव मंदिर के पास पहुंचा तो उन्हीं के मोहल्ले में रहने वाले रामप्रताप पुत्र प्रेमनाथ, पवन पुत्र प्रेमनाथ व दो अन्य दो बाइक पर आए। चारों ने नशा कर रखा था। चारों ने जबरदस्ती उसके भाई को रोक लिया और बुरी तरह से मारपीट कर 30 हजार रूपए छीनकर ले गए। मारपीट में उसके भाई विनोद के हाथों की अंगुली पर चोट लगी व हाथ फ्रैक्चर हो गया।

विनोद ने शोर मचाया तो वहां काफी भीड़ हो गई। तब रामप्रताप वगैरा रूपए लेकर वहां से भाग गए। उसके भाई विनोद को 108 एम्बुलेंस के जरिए टाउन के गवर्नमेंट जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाया गया। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल प्रद्युमन यादव को सौंपी है।

## सार-समाचार

### 'हर बूथ पर एक सक्रिय सदस्य बनाएं




भाजपा रानी बाजार मंडल की संगठन पर्व कार्यशाला को प्रभारी दाऊलाल हर्ष ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** भाजपा रानी बाजार मंडल की संगठन पर्व कार्यशाला की बैठक राम लक्ष्मण भवन में मंडल अध्यक्ष नरसिंह सेवग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगठन पर्व प्रभारी दाऊलाल हर्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान अब अंतिम चरण में है। इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को पूरा करें। इसके बाद संगठन पर्व का कार्य शुरू होगा, जिसमें बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष का चयन किया जायेगा। प्रत्येक बूथ पर एक सक्रिय सदस्य बनाने और मंडल स्तर पर 500 महिलाओं को सदस्य बनाने की बात कही। भाजपा जिला मंत्री मनीष सोनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं से सहमति बनाकर संगठन पर्व में उदाहरण पेश करने तथा भाजपा की रीति-नीति तथा केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व जिला मंत्री अरूण जैन ने मंडल कार्यकर्ताओं को कहा कि केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां पूर्ण रूप से लोकतांत्रिक तरीके से दायित्व दिए जाते हैं। आज की बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा, मंडल महामंत्री पुखराज स्वामी, धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, मूलचंद नायक, कुणाल लिखा, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी, बाबूलाल उपाध्याय, पार्षद जमन लाल गजरा, पुनीत शर्मा, गजेन्द्र सिंह भाटी, प्रदीप महर्षि, अरूण सोलंकी, भगवती प्रसाद गौड़, सुरेश छिपा, मुकेश बन, जय भाटिया, सुरेश गिरी, घनश्याम शर्मा, सुरेश शर्मा, संतोष शर्मा, प्रीती महेश्वरी, सरस्वती बिश्नोई, पवन चांडक, दिनेश भटनागर, किशन जोशी, अशोक शर्मा, सोमेश शर्मा, सुभद्रा पांडे गोपाल चौधरी, अनिल हर्ष, दिनेश पांडे, भूषण जैन, विजय कुमार शर्मा, जसवंत सिंह सोलंकी, हिमांशु शर्मा, सुरेश साध, राजकुमार भाटिया, दिनेश भटनागर, पवन सुथार, शिवरतन आचार्य, अशोक रामावत, निशांत भटनागर, जुगल साद, सुभाष बिश्नोई, गोपाल मारू उपस्थित थे।

### अस्पताल में 20 बैड, गद्दे व तकिये भेंट



गंगाशहर नागरिक परिषद ने सैटेलाइट अस्पताल में 20 बैड मय गद्दे व तकिये भेंट किए।

**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर नागरिक परिषद द्वारा पवन अग्रवाल के कर कमलों से गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में 20 बैड, मय गद्दे, तकिये अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि व नर्सिंग अधीक्षक मोहन मोदी को भेंट किये। इस अवसर पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि ने कहा कि वायरल बुखार, डेंगू, चिकनगुनिया आदि के कारण रोगियों को ड्रिप आदि लगानी पड़ती है। वर्तमान में वार्ड में बैड पर दो-दो रोगियों को लेटाना पड़ता है फिर भी लम्बी कतार लगती है। अतः अस्पताल के प्रथम सतह के वार्ड को सोमवार से चालू कर रहे हैं। इस वार्ड में 20 बैड गंगाशहर नागरिक परिषद द्वारा उपलब्ध हो जाने से बहुत सुविधा हो गई है। जतनलाल दुगड़ ने अस्पताल में सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध कराने वाले दान दाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहन मोदी, निमित सक्सेना के साथ ही गंगाशहर नागरिक परिषद, गंगाशहर ईकाई के चेयरमैन जतनलाल दुगड़, सम्पतलाल दुगड़, महेन्द्र चौपड़ा आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### तीर्थयात्रा में चलेंगी तीन ए.सी. ट्रेन

**बीकानेर, (कासं)।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में 11 सालों से पहली बार देवस्थान विभाग पहली बार बुजुर्गों को एसी ट्रेन में यात्रा करवायेगा। ये सारी एसी ट्रेनों बीकानेर संभाग से चलेगी। योजना में बीकानेर से दो महीनों में चार ट्रेनें चलेगी। इनमें तीन एसी और एक ट्रेन नॉन एसी की होगी। 26 नवम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रदेश के अलग-अलग जगहों से छह ट्रेनों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थयात्रा करवाई जायेगी। इन छह ट्रेनों में बीकानेर संभाग से 4 ट्रेनें चलेगी। इसके अलावा एक ट्रेन जयपुर से और एक ट्रेन उदयपुर से चलेगी। बीकानेर, जयपुर और उदयपुर से चलने वाली एक-एक ट्रेनें नॉन एसी की होगी। बीकानेर संभाग से चलने वाली ट्रेनों में हनुमानगढ़ से रामेश्वरम् के लिए एसी ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन को हनुमानगढ़ से सूरतगढ़ वाया बीकानेर होकर चलाया जायेगा। देवस्थान विभाग बीकानेर के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि हनुमानगढ़ से रामेश्वरम् के लिए पहली एसी ट्रेन 26 नवम्बर को रवाना होगी। बीकानेर स्टेशन से दूसरी एसी ट्रेन रामेश्वरम् के लिए ही चलेगी। यह ट्रेन 6 दिसम्बर को रवाना होगी। तीसरी एसी ट्रेन बीकानेर से अयोध्या, हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए चलेगी। यह ट्रेन 16 दिसम्बर को बीकानेर से रवाना होगी। यहां के लिए बीकानेर से 8 दिसम्बर को एक ट्रेन और जायेगी जो नॉन एसी होगी। यह ट्रेन बीकानेर से रवाना होकर सूरतगढ़ और हनुमानगढ़ होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश और अयोध्या के लिए लेगी।

# 67 किलो डोडा-पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले की पीलीबंगा थाना पुलिस ने कार में डोडा पोस्त की तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया। कार से कुल 67 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है।

- डीएसटी की सूचना के बाद पीलीबंगा पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया

पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गांव में पुलिस चौकी होने के बाद भी पुलिसकर्मियों को तस्करी का पता नहीं चल पाया। डीएसटी की सूचना के बाद पीलीबंगा पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

पीलीबंगा थाना प्रभारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि पीलीबंगा पुलिस थाने के एसआई मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ की सूचना पर पुलिस टीम ने जाखड़ांवाली गांव में कार्रवाई करते हुए स्विफ्ट डिजायर कार में भरा 67 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। मौके से जीतराम (29) पुत्र हजारीराम कुलड़िया निवासी वार्ड छह, गांव जाखड़ांवाली को गिरफ्तार कर कार जब्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई मुकेश कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, लक्ष्मीनारायण और रिंकू कुमार शामिल थे। इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही।

**बोलेरो चोरी :** श्रीगंगानगर शहर की एलआईसी कॉलोनी में मकान के बाहर रोड पर खड़ी बोलेरो गाड़ी चोरी हो गई है। घटना को 10 नवम्बर की रात को अंजाम दिया। पीड़ित ने इस संबंध में 11 की सुबह पुलिस कंट्रोल रूम को बताया। सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज किया है। हैड कांस्टेबल बंतराम को मामले की जांच सौंपी गई है।

पीडित मटीली राठान निवासी पूर्णराम बावरी ने बताया कि उसके पास आरजे 13 यूए 0790 नबर की बोलेरो गाड़ी थी। यह स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सर्वे आदि के काम में लगी हुई थी। रोज शाम को वापस लौटकर परिवादी अपनी बोलरो को स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ के एलआईसी कॉलोनी स्थित मकान के बाहर रोक देता था और मोटरसाइकिल पर मटीली राठान अपने घर चला जाता था। यह गाड़ी 10 नवंबर की रात को कोई चुराकर ले गया। अगली सुबह स्टाफ ने फोन कर गाड़ी ले जाने के बारे में पूछा तब परिवादी को पता चला।

## सट्टा की खाईवाली करते दो गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (कासं)।** पीलीबंगा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा की खाइवाली करते हुए दो व्यक्तियों को 1.62 लाख रूपए और लाखों के हिसाब-किताब सहित गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि भी बरामद किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। थानाधिकारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि एसआई सुमन ने जिला विशेष टीम की सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रकाश पुत्र मनोहर लाल अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 17, पीलीबंगा और पुनीत पुत्र चांदमल छिंपा निवासी वार्ड नं. 16, पीलीबंगा को ऑनलाइन सट्टा की खाइवाली करते गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.62 लाख रूपये नगद, 6 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप सहित लाखों का हिसाब-किताब जब्त किया है।

# राजकुमार हत्याकांड में तीन महिलाएं गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** बीछवाल थाना पुलिस ने शोभासर की ढाणी में गाय घुसने से नाराज चाचा और उसके परिजनों की ओर से भतीजे की नुकीले और धारदार हथियार से हत्या करने में शामिल तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

बीछवाल पुलिस थाने के एसएचओ गोविन्द सिंह चारण ने बताया कि किसनाराम जाट और उसके भाई कुंभाराम जाट की शोभासर में ढाणियां हैं। पांच नवम्बर को किसनाराम की गाय कुंभाराम की ढाणी में चली गई थी जिससे दोनों भाईयों में झगड़ा हुआ। वहीं पास में रहने वाले किसनाराम के भतीजे राजकुमार ने उसका पक्ष लिया। इससे नाराज कुंभाराम और उसके परिजनों ने राजकुमार के घर में घुसकर चाकू, जेई, लाठी से हमला कर दिया था। किसनाराम और उसकी पत्नी बीच बचाव करने आए तो उन पर भी हमला किया। हमले में राजकुमार की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या में शामिल करमीसर निवासी कुंभाराम की पत्नी चंपा देवी, सहीराम की पत्नी अमरी देवी व देवीलाल की पत्नी शारदा को गिरफ्तार किया है। तीनों महिलाएं हत्या की वारदात में शामिल थी। उन्हें कोर्ट में पेश किया जायेगा। इससे पहले कुंभाराम, देवीलाल व उदराम को गिरफ्तार किया जा चुका है जिन्हें रिमांड पर लेने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

- शोभासर की ढाणी में गाय घुसने से नाराज चाचा और उसके परिजनों ने भतीजे की नुकीले और धारदार हथियार से हत्या कर दी थी

# ऊंट नृत्य प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**गजनेर, (कासं)।** पशुपालन विभाग कोलायत द्वारा श्री कपिल मुनि पशु मेला 2024 में उष्ट्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न स्थानों के पशुपालकों ने भाग लिया।

इस मेले में उष्ट्र प्रतियोगिता को तीन चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में उष्ट्र नस्ल प्रतियोगिता हुई जिसमें जगदीश गोदारा बरसिंगहर, मोहन सिंह भोलासर के ऊंट ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे चरण में उष्ट्र शृंगार प्रतियोगिता हुई। उष्ट्र की सजावट एवं उनके बालों की कलाकृति को ध्यान में रखते हुए रामलाल कूकना अक्कासर, श्रवणराम अक्कासर और मौज अली मोटासर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।

अंतिम चरण उष्ट्र नृत्य प्रतियोगिता थी। इसमें मौज अली, इस्तक अली और सिकंदर अली मोटासर के ऊंट प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले पशुपालकों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कई तरह की उष्ट्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि विधायक अंशुमान सिंह भाटी, उपखंड अधिकारी राजेंद्र नायक, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. कुलदीप चौधरी, नोडल अधिकारी कोलायत डॉ. गोविंद राम प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय कुमार तंवर प्रभारी, प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र जयपाल, प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूर्यप्रकाश एवं पशुधन सहायक उपस्थित थे।

## अपना घर आश्रम ने जीजा को साले से मिलाया

**नोखा, (कासं)।** बिछड़े हुए का अपनों से मिलन के क्रम में रविवार को अपना घर आश्रम नोखा द्वारा एक जीजा को साले से मिलाया।

अपना घर आश्रम की अध्यक्ष किरण झंवर ने बताया कि अपना घर आश्रम नोखा द्वारा भगवानाराम को 16 नवम्बर को रासीसर से रेस्क्यू करके आश्रम में भर्ती किया गया था। भर्ती के समय उन्होंने अपना नाम भगवानाराम पता देशनोक बताया था। आश्रम से जुड़े साथी कार्यालय प्रभारी अशोक बिश्नोई ने भगवानाराम के घर सूचना भिजवाई। उनके जीजा मोहनराम भगवानाराम को लेने के लिए अपना घर आश्रम पहुंचे। अपना घर आश्रम नोखा की कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद भगवनराम को घर भेज दिया गया।

# साध्वी शशि रेखा का तेरापंथ भवन नोखा में अभिनंदन

**नोखा, (कासं)।** जोरावरपुरा चातुर्मास संपन्न कर साध्वी शशि रेखा का नोखा तेरापंथ भवन में शासन गौरव साध्वी राजीमति के सानिध्य में अभिनंदन किया गया।

साध्वी राजीमती ने कहा कि साध्वियों का चातुर्मास कर नोखा आगमन सुखद है। जोरावरपुरा में धर्म साधना संयम की अलख जगाकर धर्म की गंगा प्रवाहित करने वाले साध्वी शशि रेखा भली एवं निर्मल, सहज, सरल साध्वी है। आगंतुक साध्वियों ने हर्ष भरे वातावरण में शासन गौरव साध्वी राजीमती के सानिध्य को भाग्य से मिलन गीतिका का संगान किया। साध्वी कांतयशा ने राजीमती को तेरापंथ की विशिष्ट योग एवं लब्ध प्रतिष्ठित साध्वी बताया। संचालन उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़ ने किया।

- आगंतुक साध्वियों ने साध्वी राजीमती के सानिध्य को भाग्य से मिलन गीतिका का संगान किया

नोखा विराजित साध्वी कुसुम प्रभा, साध्वी पुलकित यशा, साध्वी प्रभात प्रभा एवं साध्वी मनोज्ञ प्रभा ने आया पावणा शतिवर बिराजो नोखा में गीतिका द्वारा विराजने का अनुरोध किया। साध्वी शशिरेखा गुरू महाश्रमण के आदेशानुसार अल्प प्रवास के बाद देशनोक की ओर विहार करेंगी। सभा मंत्री मनोज घीया, सुनील, अनुराग बैद, उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़, कवि इंदरचंद बैद, महिला मंडल, तेयुप अध्यक्ष निर्मल चौपड़ा ने स्वागत भाव रखे। वहीं दूसरी ओर जोरावरपुरा तेरापंथ भवन में शासन साध्वी शशिरेखा के चातुर्मास की संपन्नता के उपलक्ष में मंगल भावना का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल की सुमन बांठिया ने मंगलाचरण से की। ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर मोहनलाल बुच्चा, सभा के अध्यक्ष बाबूलाल बुच्चा, सभा के मंत्री शांतिलाल बैद ने भावाभिव्यक्ति दी।

# 'मरूधरा के राती घाटी युद्ध ने मुगलों की अपराजेयता के झूठ को बेनकाब किया'

**बीकानेर, (कासं)।** वेटरनरी ऑडिटोरियम में आज डॉ. आनंद सिंह बीठू की स्मृति में आयोजित 491 वें राती घाटी युद्ध विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि शताब्दियों से रचे जा रहे झूठे इतिहास को उखाड़ कर फेंकने की आवश्यकता है।

व्यास ने कहा कि इतिहास समिति जैसी प्रमाणिक संस्थाओं ने शोध के आधार पर सत्य को उजागर किया है। सत्य इतिहास से जन-जन में राष्ट्रीय गौरव का भाव जागृत हुआ है। मरूधरा के राती घाटी युद्ध ने मुगलों की अपराजेयता के झूठ को बेनकाब कर दिया है। 30 वर्ष की इस शोध यात्रा के लिए इतिहास समिति और राती घाटी समिति अभिनंदनीय है। व्यास ने कहा स्व. डॉ. आनंद सिंह बीठू राष्ट्रीय स्तर के कर्मठ कार्यकर्ता थे। उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि दी। प्रमुख वक्ता राती घाटी समिति के जानकी नारायण श्रीमाली ने कहा कि राजस्थान के लोक जीवन की रग-रग में राती घाटी युद्ध विजय को प्रवाहित किया गया है। अब शोधकार्यों और राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में स्थान दिलायेंगे। समारोह संयोजक डॉ. अशोक शर्मा ने अ. भा. इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली का परिचय दिया। डॉ राजेंद्र जोशी ने कहा कि सच्चा गौरवशाली इतिहास पढ़ाया जाना जरूरी है।




बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने डॉ. हरमीत सिंह, रमण उपाध्याय, डॉ. साकार पालेचा को राष्ट्रीय राती घाटी अलंकरण से सम्मानित किया।

बीकानेर जिला नागरिक परिषद भुवनेश्वर, ओडिशा को समाज सेवा, डॉ. हरमीत सिंह को नशामुक्ति, पहलवान रमण उपाध्याय कोलायत को जीवन रक्षा, डॉ. साकार पालेचा को पशु चिकित्सा और गौ सेवा हेतु राष्ट्रीय रातीघाटी अलंकरण भेंट किए गए। इन चारों को क्रमशः स्व. गोपालचंद डूढाणी की स्मृति में 21000 का, स्व. प्रभु नारायण शर्मा की स्मृति में 5100 का, स्व. जुगल किशोर श्रीमाली, जोधपुर की स्मृति में 5100 एवं स्व. डॉ. गुमान सिंह बीठू सीथल की स्मृति में भी 5100 की पुरस्कार राशि भेंट की गई। राती घाटी समिति उपाध्यक्ष भंवर सिंह भेलू ने आभार प्रकट किया।

# पी.बी.एम. ट्रोमा सेंटर में चिकित्साकर्मियों का सम्मान

**बीकानेर, (कासं)।** प्रादेशिक परिवहन कार्यालय द्वारा विश्व रिमेंबरेंस दिवस पर पीबीएम ट्रोमा सेंटर में चिकित्सा कर्मियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी भारती नैथानी, निरीक्षक करनाराम, प्रशासनिक अधिकारी अश्विनी राजपुरोहित ने ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ बी.एल. खजोटिया, सीएमओ डॉ एल. के. कपिल, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुरेन्द्र चौपड़ा, डॉ समीर पंवार, डॉ रतिराम मीणा, नर्सिंग अधीक्षक राजकुमार शर्मा, फिजियो थैरेपिस्ट डॉ शीतल पंवार, सहित ट्रोमा सेंटर के विभिन्न विभागों के चिकित्सा कर्मियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में दुर्घटनाओं में काल कलवित व्यक्तियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचाव का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम ने सड़क दुर्घटनाओं में काल कवलित आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ट्रोमा सेंटर के निदेशक डॉ खजोटिया ने कहा कि देश में कुल 480583 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिनमें 117682 सर्वाधिक 68 प्रतिशत मौतें ओवर स्पीड के कारण हुई। उन्होंने बताया कि 9432 मौतें रोंग साइड, 3674 मौतें नशे में ड्राइविंग, 2889 वाहन चलाते समयमोबाइल पर बात करते हुए, 818 ट्रैफिक लाइट का उल्लंघन करते, 38400 अन्य कारणों से मौतें हुई।




विश्व रिमेंबरेंस दिवस पर पी. बी. एम. ट्रोमा सेंटर में डॉ. बी. एल. खजोटिया ने चिकित्साकर्मियों को सम्मानित किया।